

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान मेरी कमर में अचानक दर्द होने लगा। जिस कारण मुझे मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा।
- संजू सैमसन

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान, अपनी पीठ दर्द को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ रोहित शर्मा**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाजी और फील्डिंग कोच अभिषेक नायर और टी दिलीप को बर्खास्त करने का फैसला किया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-3 से गंवा दी थी। सीरीज के बाद और इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई ने नायर और दिलीप को उनके कर्तव्यों से मुक्त करने का फैसला किया है। उनके साथ ही स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** सबसे प्रसिद्ध रिकॉर्ड सबसे ज्यादा गोल है, जो पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम है, जिन्होंने 807 गोल किए हैं।

## रियल मैड्रिड को हराकर आर्सेनल चैम्पियंस लीग के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, 17 अप्रैल। आर्सेनल एफ सी ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गये मुकाबले में आर्सेनल ने रियल मैड्रिड



2-1 हराया। आर्सेनल की ओर से पहला गोल 65वें मिनट में बुकायो साका ने किया। वहीं उसने दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है।

## मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया



मुम्बई, 17 अप्रैल। विल जोक्स (दो विकेट/ 36 रन) और हार्दिक पंड्या (एक विकेट/ नाबाद 21 के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट हरा दिया। 163 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस के लिए रायन रिकलटन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 23 रन जोड़े। चौथे ओवर में पैट कमिंस ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।रोहित शर्मा ने 16 गेंदों में तीन छक्के लगाते हुए (26)रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में हर्षल पटेल ने रायन रिकलटन 23गेंदो में (31) को आउट किया। 13वें ओवर में पैट कमिंस ने सूर्यकुमार यादव को अपना शिकार बनाकर हैदराबाद को तीसरी सफलता दिलाई। सूर्यकुमार यादव ने 15 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (26) रन बनाये। पैट कमिंस ने विल जॉक्स को आउटकर अपना तीसरा विकेट झटका। विल जॉक्स ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रन बनाये। 18वें ओवर में इशान मलिंगा ने हार्दिक पंड्या और नमन धीर (शून्य) को आउटकर मुम्बई के खेमे में हलचल मचा दी। हार्दिक पंड्या ने नौ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (21) रनों की पारी खेली। वहीं तिलक वर्मा 17 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई इंडियंस ने 18.1 ओवरों में छह विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया।

## नीरज चोपड़ा ने 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में गोल्ड जीता



नई दिल्ली, 17 अप्रैल। भारत के लिए दो बार ओलंपिक मेडल जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की बेहतरीन शुरुआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर 6 खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में टॉप स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार नीरज दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि, उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी की।

## सौरव कोठारी ने विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

कोलकाता, 17 अप्रैल। कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। आयरलैंड के कार्लो में खेले गये फाइनल मुकाबले में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।


**कार्यालय, सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर**

No. 536/RMRS/JLN/Ajmer/2025 Dated: 8/4/25

**ई-निविदा (UBN No...MCA2526GLRC00007)**

इस चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग में आने वाले आयुशमान स्वास्थय बीमा योजना के तहत एवं अन्य योजना के अन्नतगत भर्ती मरीजों एवं अन्य रोगियों हेतु आर्थोपेडिक इम्प्लांटस (THR & TKR) आईटम संख्या 01 से 15 तक के उपापन बाबत् ई- निविदा के माध्यम से मूल निर्माताओं, अधिकृत विक्रेताओं से ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया के तहत 02 वर्ष (2025-27) के लिये रेट कॉन्ट्रेक्ट ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Estimated Cost | Rs. 160.00 Lakh |
| 2. | Tender Fees | Rs. 5000/- |
| 3. | RISL Processing Fees | Rs. 2000/- |
| 4. | Earnest Money | Rs. 3.20 Lakh |
| 5. | Document Download Start Date and Time | 09-04-2025 From 11:00 AM to 01-05-2025 up to 02:00 PM |
| 6. | Pre Bid Meeting Date & Venue | 16-04-2025 at 12:00 AM Office of Member Secretary, JLN Hospital, Ajmer. (Roon No.88) |
| 7. | Document Upload Start Date and Time | 17-04-25 From 12:00 AM to 01-05-2025 upto 02:00 PM |
| 8. | Physical Tender Fees, Processing Fees & Earnest Money Submission date & time & Venue | 01-05-2025 Up to 03.00 PM Office of Member Secretary, JLN Hospital, Ajmer. (Administrative Building) |
| 9. | Technical Bid Opening Date | 02-05-2025. at 3.00 PM |

निविदायें खोलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। अपूर्ण रूप से भरी हुई निविदायें एवं सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं होगी।

DIPR/C/5011/2025 सदस्य सचिव


## प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन 5 का खेल मंत्री डॉ. राज्यवर्द्धन राठौड़ ने किया शुभारंभ

जयपुर, 17 अप्रैल। प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीज़न 5 का आज जय क्लब में शुभारंभ हुआ। लीग पैट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि लीग का शुभारम्भ राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ जी एल शर्मा ने की। जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता जय क्लब के सचिव मनोज दासोत गेस्ट ऑफ़ ऑनर थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रियंका हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ पीयूष जोशी, डॉ आशा शर्मा व जय क्लब के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी संजय अजमेरा थे।लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 सीनियर व 5 जूनियर टीम भाग ले रही है जिसमें राजस्थान ,अन्य राज्य व विदेश से खिलाड़ी भाग ले रहे है । लीग आयोजन



सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि खेल मंत्री राठौड ने अपने उदबोधन में चिकित्सकों की इस तरह कि प्रतियोगिताओं की आवश्कता बताई व इस प्रतियोगिता के लिए बधाई व शुभकामनाएँ प्रदान की । उन्होंने कहा कि हारने से डरना या परेशान नहीं होना होता है बल्कि सीखना व बेहतर प्रयास करना होता है।

## भुवन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नारायणा क्रिकेट एकेडमी 6 विकेट से विजयी

जयपुर, 17 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारायणा क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी ग्राम, पर खेले गये पूल-डी के मैच में भुवन 3.5 ओवर में 8 रन पर 3 विकेट, राजवीर सिंह 19 रन पर 2 विकेट तथा महेश अधिकारी 46 रन की मदद से नारायणा क्रिकेट एकेडमी ने स्टार क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर स्टार क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये वरूण गुप्ता 55 रन रित्विक चांवला 20 रन को छोड़कर कोई बल्लेबाज नारायणा क्रिकेट एकेडमी को गेंदबाजो भुवन 8 रन पर 3 विकेट, राजवीर सिंह 19 रन पर 2 विकेट तथा सुरेश, रोहित चौधरी व साकेत शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और पुरी टीम 18.5 ओवर में 107 रन पर सिमट गई।

## स्टार क्रिकेट एकेडमी ने कौशिक क्रिकेट एकेडमी को हराया

जयपुर, 17 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज पूल बी के मैच में स्टार क्रिकेट एकेडमी ने कौशिक क्रिकेट एकेडमी को 3 विकेट से हराया। आज प्रात: अरावली ग्राउंड पर कौशिक क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण के 42 रन, प्रथम मिश्रा के 37 रन, अमनदीप के 20 रन, सैफ नकवी के 19 रन, अमन पारीक के 15 रनों से 46 ओवर में 171 रन बनाए। स्टार क्रिकेट एकेडमी के लिए हिमांक झालानी ने 23 पर 3, हर्ष शर्मा ने 35 पर 2, आदित्य सराफ ने 35 पर 2, पवन चावला व अनिकेत ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में स्टार क्रिकेट एकेडमी की टीम ने वरुण गुप्ता के 51, ऋतिक सारण के 44 रन, लक्ष्य तुलसियान के 21 रन व सचिन के 26 रन नाबाद से 28.4 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाकर मैच जीत लिया। कौशिक क्रिकेट एकेडमी के लिए हितेश जोशी ने 59 पर 4, अंकित ने 21 पर 2 विकेट लिए।

## सुरुचि-सौरभ ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

लीमा, 17 अप्रैल। भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है। बुधवार को हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। इस बीच, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी ने 16-6 से हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।


**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

आबकारी भवन, 2-गुनियावाल, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B) (1) (AFTER POLICY -2025-26)EX/L/2025-04359-PART(4)/27

दिनांक-17.04.2025

**पडत मदिरा दुकानों के कलस्टर ( समूह ) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा कमांक प.4 (1) वित्त/आब/2025 दिनांक 29 जनवरी, 2025 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 के प्रावधानानुसार पडत मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के लिये ई-निविदा प्रकिया से वर्ष 2025-26 के बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | दिनांक 18.04.2025 दोपहर 3.00 बजे से |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 24.04.2025 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 3 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय व स्थान | दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 4.00 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय। |

**ई-निविदा में भाग लेने की शर्तें-**

1. यह निविदा वेबसाईट https://www.sppp.rajasthan.gon.in तथा विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gon.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं बेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gon.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन/साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (cca) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है. उन्हें नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
2. मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, आरक्षित राशि, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gon.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ प्रकिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन / ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेखित राजकोष मद में जमा करवानी होगी :-

| क्र.सं. | विवरण | राशि ( रूपय में ) | राजकोष लेखा मद |
|---|---|---|---|
| 1 | RISL की प्रक्रिया / पंजीकरण शुल्क | रु. 2000/- | 8658-00-102-(16)-01 (सिविल विभाग) |
| 2 | आवेदन शुल्क | आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के बिन्दु संख्या 2.6.1 के अनुसार रू. 50,000/- (2 करोड रूपये तक की आरक्षित राशि हेतु रू. 1,00,000/- (2 करोड रूपये से अधिक की आरक्षित राशि हेतु) | 0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क) |
| 3 | अमानत राशि | निर्धारित आरक्षित राशि का 2 प्रतिशत | 8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा) |

ई-प्रोक पोर्टल से प्रकिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का बतात जरनेट करते पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर निदेन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-501-01-00 में जम किया जयेगा।

4. आरक्षित राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में राक्षम स्तर से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त को होगें।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अधिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शतों, जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gon.in पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निधर्धारित समय में थौचित राशियों यथा-धरोहर राशि, अदिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जपाराज की जायेगी।
7. वर्ष 2025-26 के पात्र अनुज्ञाधारियों को क्रमश: वर्ष 2026-27, 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तों पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
8. मंदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के बन्दोबस्त हेतु ये ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देशर, आबकारी नीति वर्ष 2025-29 तथा प्रारूप अनुज्ञापत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gon.in पर उपलब्ध है, जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भाँति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुका जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
9. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।
10. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।

UBN-EXC2526GLOB00013

( शिवप्रसाद नकाते ) आबकारी आयुक्त, राजस्थान

DIPR/C/_____/2025


## जिंक फुटबाल अकादमी ने एएसएल फुटबाल क्लब को 5-1 से शिकस्त दी

जयपुर, 17 अप्रैल। ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता और रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड व चौगान स्टेडियम जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 5 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया। सभी 110 मैचों में सेआज तक 25 मैच खेले जा चुके है।

**आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में खेले गए**

**प्रथम मैच :-** रॉयल फुटबाल क्लब और सनराइज फुटबाल क्लब के बीच खेला गया रॉयल क्लब ने मैच 1/0 से जीता।

**दूसरा मैच** रीयल फुटबॉल क्लब और जयपुर एलीट फुटबाल क्लब के बीच खेला गया रोमांच भरे मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल खेला पहला हॉफ में दोनों टीमें 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ जयपुर एलिट ने आक्रामक खेल खेला 0/4 से सनराइज को शिकस्त दी।

**आज ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता के मैदान में खेले गए मैच**

**तीसरा मैच** में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और सिटी वाल्स फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने मैच में 3/0 से जीता।

**चौथा मैच:** राजस्थान राइजिंग फुटबाल क्लब ओर राइजिंग जयपुर फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच 2/2 से बराबरी पर रहा दोनों टीमों ने शानदार खेल खेला।

**पांचवा मैच :** ए एस एल फुटबाल क्लब ओर जिंक फुटबाल अकादमी के बीच खेला गया जिंक फुटबाल अकादमी ने मैच 5/1 से होम मैदान में ए एस एल फुटबाल क्लब को पराजीत किया। आगामी फुटबाल लीग के मैच 19 अप्रैल को में खेले जाएंगे।

## धोनी-विराट के बाद अब रोहित, वानखेड़े में हिटमैन का हुआ स्वैग से स्वागत

मुंबई, 17अप्रैल। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आज मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। आईपीएल 2025 के इस 33वें मैच में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मुकाबला शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को सम्मानित किया गया। रोहित के इस सम्मान का वीडियो आईपीएल के एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है।

## दौसा में ग्रीष्मकालीन शिविर राजेश पायलट स्टेडियम में 18 से

जयपुर/दौसा, 17 अप्रैल। जिला क्रिकेट संघ द्वारा 18 से 30 अप्रैल तक प्रात: 7 बजे से 10 बजे तक ग्रीष्मकालीन शिविर राजेश पायलट स्टेडियम में लगाया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि इस शिविर में दौसा जिले के ही खिलाड़ी भाग ले सकते है । इस शिविर में आने वाले खिलाड़ियों में से ही आरसीए द्वारा आगामी सत्र में होने वाले टूर्नामेंट जैसे अंडर-14 अंडर- 16, अंडर-19 अंडर-23 और कोल्विन शील्ड जैसे टूर्नामेंट में जिले की टीम बनायी जाएगी। जिले के प्रत्येक खिलाड़ी जो किसी भी फॉर्मेट का हो उनको इस शिविर में आना अनिवार्य है। इस शिविर के अंतर्गत खिलाड़ियों की फिटनेस, क्रिकेट की बारीकियों और योगा का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा इस शिविर में कोच मेघराज यादव, वेंकटेश शर्मा, विजय शर्मा, प्रेम सिंह और योगा कोच निर्मल सेन अपनी सेवायें देंगे।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CIRCLE SAWAI MADHOPUR**

(Ph 07462-220062) e-mail - sephed_swm@rediffmail.com

No.SE/PH/SWM/2025-26/NIT/120-131 Date. 07.04.2025

**Notice Inviting Tender (e-NIT No. 01-02/2025-26)**

On behalf of the Governor of Rajasthan Online Tenders are hereby invited from eligible bidders for following works as per criteria mentioned in the detailed NIT/Tender documents available on website http://eproc.rajasthan.gov.in,"www.rajwater.gov.in", "http://sppp.rajasthan.gov.in. Tenders are to be submitted online in electronic format on website "http://eproc.rajasthan.gov.in" as per prescribed schedule.

| | | |
|---|---|---|
| NIB | PHE2526A0166 | |
| UBN No. | PHE2526WSOB00447, | PHE2526WSOB00448 |

(B.S.Meena) Superintending Engineer PHED Circle Sawai Madhopur

DIPR/C/5018/2025

**Superintendent Intellectual Disable Home, Boys Wing, Jamdoli, Jaipur**

File No. 10/2025-26/31 Date-07/04/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for providing care taker services on job basis (24x7) in Intellectual Disable Home, Boys Wing, Jamdoli, Jalpur are invited from interested bidders upto 02 PM date 28-04-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state; and http://dsap.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 13000000. (Rupees one crore thirty lakh only)

**UBN No.-DSA2526SLOB00002**

**Mob. No. 8764054366**

DIPR/C/4974/2025 SUPERINTENDENT

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-धौलपुर**

कमांक: 58-75 **निविदा सूचना संख्या : 01/2025-26** दिनांक:- 07.04.2024

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला धौलपुर में नगर परिषद धौलपुर के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों पर बी.टी./सी.सी. निर्माण कार्य (दोष निवारण अवधि 5 वर्ष सहित) उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निधारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है ।

| Package No. | NIB NO. | UBN No. |
|---|---|---|
| Major Road repair work in Nagar Parishad Dholpur. Pkg No. RJ-13-01/CD-III/8443/ LSGD/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2526 A0064 | PWD2526 WSOB00153 |

अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत्त धौलपुर

DIPR/C/4984/2025


## लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

### कल राजस्थान रॉयल्स से होगा मुकाबला

जयपुर, 17 अप्रैल। जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन 18 का दूसरा मैच 19 अप्रैल को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट से होगा। गुरुवार को लखनऊ की टीम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पहुंची। यहां टीम के खिलाड़ियों ने जमकर प्रैक्टिस की। इस दौरान टीम के हेड कोच जहीर खान स्टेडियम की पिच को करीब से देखा। वहीं, स्टार स्पिनर रवि बिश्नोई प्रैक्टिस करते हुए नजर आए। जयपुर में होने वाला मैच दोनों ही टीमों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। इस सीजन में जहां लखनऊ सुपरजाइंट्स ने अब तक खेले कुल 7 मैच में से चार मैच में जीत हासिल की है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स की टीम 7 मैच में से महज दो मैच में ही जीत हासिल कर पाई है।

इसके बाद पॉइंट टेबल में लखनऊ की टीम 5वें स्थान पर है। वहीं, राजस्थान की टीम फिलहाल पॉइंट टेबल में 8वें स्थान पर है। ऐसे में दोनों टीमों के लिए शनिवार को जयपुर में होने वाला मैच बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स की टीम भी आज दिल्ली से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से जयपुर पहुंच गई है। गुरुवार शाम जयपुर पहुंची टीम एयरपोर्ट से सीधे होटल मैरियट पहुंची है। अब शुक्रवार शाम राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रैक्टिस करने पहुंचेंगे।

दोनों टीमों के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच कुल पांच मुकाबले खेले गए हैं। इनमें चार मुकाबले राजस्थान रॉयल्स ने जीते हैं। महज एक मैच लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम जीत पाई है। ऐसे में आंकड़ों के आधार पर जहां राजस्थान की टीम की बढ़त बनी हुई है। वहीं, मौजूदा सीजन में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर**

क्रमांक :- 85 **ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26** दिनांक-08.04.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए पीडब्लयूएफ एण्ड ए.आर पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमो सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रो के अनुरूप इस विभाग मे उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 11.04.2025 (शुक्रवार) प्रातः 9.30 बजे से 21.04.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 11.04.2025 (शुक्रवार) प्रातः 9.30 बजे से 21.04.2025 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 22.04.2025 (मंगलवार) को अपरान्ह 03.00 बजे से |

| NIT S. No | UBN No. | NIT S. No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB00252 | 11 | PWD2526WSOB00262 |
| 2 | PWD2526WSOB00253 | 12 | PWD2526WSOB00263 |
| 3 | PWD2526WSOB00254 | 13 | PWD2526WSOB00264 |
| 4 | PWD2526WSOB00255 | 14 | PWD2526WSOB00265 |
| 5 | PWD2526WSOB00256 | 15 | PWD2526WSOB00266 |
| 6 | PWD2526WSOB00257 | 16 | PWD2526WSOB00267 |
| 7 | PWD2526WSOB00258 | 17 | PWD2526WSOB00268 |
| 8 | PWD2526WSOB00259 | 18 | PWD2526WSOB00269 |
| 9 | PWD2526WSOB00260 | 19 | PWD2526WSOB00270 |
| 10 | PWD2526WSOB00261 | | |

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ) अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

DIPR/C/5178/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-भीनमाल**

Tel: 02969-220120, Email: eebhi.jal.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-/भीनमाल/निविदा/ /2025-26/52-61 दिनांक:- 4/4/2025

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) () के तहत रू. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों मे उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है:-

| बिड संख्या | NIB No.PHE 2526A0156 | अनुमानित लागत (लाखों मे) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपयें) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02/ 2025-26 | UBIN No. PHE 2526WSRC00417 | 20.00 | 40000/- | 1000/- | 500/- | 12 माह |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | 09.04.2025 |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड / अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 22.04.2025 को 2.00 पी.एम. |
| ऑनलाईनबिड खोलने की तिथि | 22.04.2025 को 6.00 पी.एम. |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वैबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियात्रिक विभाग, खण्ड भीनमाल

DIPR/C/4973/2025

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर ब्यावर**

क्रमांक: निविदा/2025-26/57-62 दिनांक: 10.04.2025

**ई-निविदा सूचना 02-03/2025-26/ जैतारण, रायपुर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से ब्यावर जिले की पंचायत समिति जैतारण, रायपुर में 2.0 योजनान्तर्गत जल संग्रहण एवं संरक्षण कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा के लिए ई टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आगन्त्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रुपये में) | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/ अपलोड करने की तारीख | धरोहर राशि निविदा शुल्क प्रोसेसिंग फीस व दस्तावेज आनलाईन जमा कराने की अंतिम दिनांक | ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | NIB CODE | UBN/ SPPP CODE | EPROC TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/2025-26/जैतारण | Construction of Tanka and Farm Pond with Land under PMKSY 2.0 in Jaitaran Block | 114.87 | 229749/- | 11.4.2025 | 21.4.2025 | 22.4.2025 | WSC2526 A0033 | WSC2526 WSOB00044 | 2025_WDSC_ 458505_1 |
| 2 | 03/2025-26/रायपुर | Construction of RTWHS with Recharge Shaft/ Shaft/Recharge Pit, Anicut, PCD, PT/MPT under PMKSY 2.0 in Raipur block | 89.94 | 179883/- | 11.4.2025 | 21.4.2025 | 22.4.2025 | WSC2526 A0034 | WSC2526 WSOB00045 | 2025_WDSC_ 458510_1 |

(श्याम लाल जांगिड़) अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, ब्यावर

DIPR/C/5205/2025